## खबर संक्षेप



### बच्चों के साथ दीपावली मनाई, बांटे उपहार

**सागर।** वी क्लब सागर गोल्ड द्वारा तिलकगंज में बच्चों को दीपावली के दीपक बनाना सिखाएं एवं प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें वी पूनम मेवाती सचिव वी सीमा गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, नीलू केसरवानी एवं बच्चों के भिभावक सम्मिलित हुए। बच्चों को फल मिठाई पटाखे एवं शिक्षण सामग्री उपहार स्वरूप वितरित की गई।

### जया पांडेय ने सहायक प्राध्यापक परीक्षा सफलता पूर्वक उत्तीर्ण की



**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय सागर की शोधार्थी जया पांडेय ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। जया पांडेय के पिता राजेश पांडेय प्राइवेट कंपनी में सहायक प्रबंधक पद से सेवानिवृत्त हैं, जबकि माता रजनी पांडेय भागीरथ नर्सिंग अस्पताल में नर्स के रूप में सेवाएं दे रही हैं। उनके बड़े भाई रजत पांडेय बैंक में सेवारत हैं। जया पांडेय को अपनी स्वर्गीय दादी कमला पांडेय, जो एक शासकीय विद्यालय में प्रधानाध्यापक थीं, से शिक्षा के प्रति समर्पण और सेवा भावना की प्रेरणा मिली। उनकी इस शैक्षणिक यात्रा में मार्गदर्शक के रूप में प्रोफेसर गिरीश मोहन दुबे तथा प्रोफेसर केशव टेकाम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही, डॉ. हर्ष मिश्रा और डॉ. साधना मिश्रा ने भी उन्हें निरंतर प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया, जिससे वे अपनी शैक्षणिक यात्रा में दृढ़ता से आगे बढ़ सकीं। अपनी सफलता का श्रेय जया पांडेय ने ईश्वर, अपनी स्वर्गीय दादी, माता-पिता, भाई तथा परिवारजनों एवं प्रोफेसर गिरीश मोहन दुबे, प्रोफेसर केशव टेकाम, डॉ. हर्ष मिश्रा, डॉ. साधना मिश्रा सहित सभी गुरुजनों, सहपाठियों एवं मित्रों को दिया है।

### राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. हरे कृष्ण मेहताब स्मृति व्याख्यान आज

**सागर।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार डॉ. हरेकृष्ण मेहताब, प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, इतिहासकार एवं समाज सुधारक की स्मृति के अवसर पर डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में 24 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11:30 बजे रंगनाथन भवन में एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. जी.एस. बाजपेयी, कुलपति, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, सारस्वत अतिथि प्रो. बलराम पाणी, डीन ऑफ़ कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. छबिल कुमार मेहर, उपनिदेशक (राजभाषा), गृह मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर करेंगे। स्वागत वक्तव्य एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रो. हिमांशु कुमार पाण्डेय, विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता, विधि अध्ययनशाला प्रस्तुत करेंगे। आभार ज्ञापन कुलसचिव डॉ. एस.पी. उपाध्याय के द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एन.एल.यू.), नई दिल्ली एवं डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के मध्य एक अकादमिक समझौता (एम.ओ.यू.) भी होगा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त संकाय सदस्यगण, अधिकारी, शोधार्थी, छात्र-छात्राएँ एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

बिना जानकारी लिए प्लॉट क्रय न करें, अन्यथा कार्रवाई के लिए खरीदार स्वयं जिम्मेदार होंगे

# नगर निगम क्षेत्र में स्थित 133 अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें नागरिक, निगम आयुक्त की अपील

### निगमायुक्त ने 133 अवैध कॉलोनियों को सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करने व शहर में एनाउंसमेंट कराने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे नगर निगम सीमा क्षेत्र में स्थित अवैध कॉलोनियों में प्लाट क्रय न करें, अन्यथा ऐसी स्थिति में संबंधित पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जाएगी और उसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। आयुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा समय-समय पर शहर में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों की जानकारी आम नागरिकों को दी जाती रही है, इसके बावजूद कुछ नागरिक अब भी ऐसी कॉलोनियों में प्लॉट खरीद रहे हैं जहाँ न तो सड़क, बिजली, पानी, नालियां आदि मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध हैं और न ही कॉलोनी निर्माण की स्वीकृति ली गई है ।निगमायुक्त ने कहा कि नागरिक जागरूकता का परिचय देते हुए किसी भी कॉलोनी में प्लॉट क्रय करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि वह कॉलोनी वैध है या नहीं। यदि कॉलोनी अवैध पाई जाती है तो उसमें प्लाट न खरीदें तथा भविष्य में परेशानी से बचने के लिए केवल पंजीकृत कॉलोनियों में ही अपनी पूंजी का निवेश करें। नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न वार्डो में 133 अवैध कॉलोनियां विकसित की गई है । जिनमें बाघराज वार्ड में 31, अंबेडकर वार्ड में 28 , पंतनगर वार्ड में 13 तिली वार्ड में 53 संत रविदास वार्ड में 7 एवं राजीव नगर वार्ड में 1 अवैध कालोनी विकसित की गई है, इन सभी 133 अवैध कालोनियों के विरुद्ध नगर निगम द्वारा नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। निगमायुक्त ने नागरिकों को अवैध कालोनियों की जानकारी के लिए सभी 133 अवैध कालोनियों को शहर के सभी सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करने व शहर में एनाउंसमेंट कराने के निर्देश दिए हैं।

निगमायुक्त ने 133 अवैध कालोनियों को सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करने व शहर में एनाउंसमेंट कराने के निर्देश दिए

# कायस्थ समाज ने यम द्वितीया पर्व एवं चित्रगुप्त पूजन का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कायस्थ समाज सागर द्वारा यमद्वितीया पर्व एवं चित्रगुप्त पूजन का आयोजन बड़ी धूमधाम से प्रदेश कार्यालय में मनाया गया। कुलदेवी की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुए कार्यक्रम के साथ साथ कायस्थ समाज के आराध्य देव श्री चित्रगुप्त जी की पूजन के साथ साथ कलम दवात की पूजा अर्चना कर कायस्थ समाज ने यम द्वितीया पर्व मनाया। इस अवसर पर बहनों ने भाईयों की कलाई पर धागा बांधा एवं बहनों ने अपने हाथ से भाईयों को खाना खिलाया। ऐसा माना जाता है कि यमद्वितीया के दिन यमराज जी ने अपनी बहन यमुना के घर भोजन कर ये आशीर्वाद दिया था कि यमद्वितीया के दिन जो भी बहन अपने भाई को घर बुलाकर भोजन कराएगी एवं पान का बीड़ा खिलाकर आशीर्वाद प्रदान करेंगी मृत्यु उसके आसपास भी नहीं आएगी। कायस्थ समाज सागर के अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव ने बताया कि कायस्थ समाज सागर का रजिस्ट्रेशन सरकार ने बुंदेलखंड कायस्थ समाज के नाम से कर दिया है ।अतः कायस्थ समाज सागर द्वारा भविष्य में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम अब बुंदेलखंड कायस्थ समाज के नाम से आयोजित किए जाएंगे जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक 06/09/ 01/ 15530/ 25 है । कार्यक्रम में अनिल श्रीवास्तव, अक्षय श्रीवास्तव, आयुष श्रीवास्तव, अंबुज श्रीवास्तव, आदित्य श्रीवास्तव, सोनिया श्रीवास्तव, आयुषी श्रीवास्तव, प्रियांसी श्रीवास्तव, प्रतिभा श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, वंदना श्रीवास्तव, अथर्व श्रीवास्तव सहित समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### द्वितीय क्रमोन्नति के लिए कमेटी का गठन

**सागर।** पीएम यूएम कर्मचारी कल्याण कोष के प्रांतीय महासचिव मुकेश नेमा एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी ब्रजेश द्विवेदी ने आज जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन से शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में मुलाकात कर ज्ञापन दिया एवं चर्चा की जिसमें मुख्य रूप से शिक्षकों की 24 साल होने पर द्वितीय क्रमोन्नति के आदेश शीघ्र करने। शिक्षकों के डीए एरियर्स का भुगतान कई संकुलो मे अभी तक नहीं होने के संबंध में भी चर्चा की। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी का कहना है कि एरियर्स का भुगतान शीघ्र हो जाएगा और क्रमोन्नति के आदेश करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

## क्षत्रिय महासभा की कृषि एवं विधि सलाहकार समितियों का गठन, 26 को क्षत्रिय महासभा की बैठक होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला क्षत्रिय महासभा सागर के जिला अध्यक्ष लखन सिंह ने क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ संरक्षक मंडल की सहमति से कृषि एवं विधि से संबंधित क्षेत्र में कार्यरत क्षत्रिय समाज के प्रतिष्ठित व सेवाभावी गणमान्यों को संगठित कर क्षत्रिय महासभा की कृषि तथा विधि सलाहकार समितियों का गठन किया है। यह समितियां क्षत्रिय समाजजनों को संबंधित क्षेत्रों में प्रगति व सुविधा हेतु सलाह व मार्गदर्शन प्रदान करेंगी। क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा ने बताया कि महासभा की आगामी बैठक 26 अक्टूबर रविवार को दोपहर 3 बजे से रुद्राक्षधाम मंदिर परिसर में आयोजित की जाएगी।नवगठित क्षत्रिय महासभा कृषि सलाहकार समिति में एम एस ठाकुर खुरई संयोजक, अनिरुद्ध सिंह केसली, देवेंद्र सिंह झागरी बंडा तथा केके सिंह रहली को मनोनीत किया गया है। इसी प्रकार विधि सलाहकार समिति में चतुर्भुज सिंह राजपूत एड. सागर संयोजक, एड जितेंद्र सिंह राजपूत गंभीरिया, एड बलवीर सिंह देवरी, एड वीरेंद्र सिंह दातपुर तथा एड.हाकम सिंह गौरा सागर को मनोनीत किया गया है।

क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष लखन सिंह ने बताया कि अन्य क्षेत्रों की समितियों का गठन प्रक्रिया में है। उन्होंने मनोनीत सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं साथ ही क्षत्रिय महासभा जिला सागर के सभी सम्माननीय संरक्षक मंडल, पदाधिकारियों, वरिष्ठ व युवा सदस्यों से रविवार को आयोजित बैठक में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।



### तिलकगंज में 25 समोशरण मंडल विधान का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ आरंभ

**सागर।** दीपावली पर्व के उपरांत चातुर्मास निष्ठापन शुरू हो जाता है । इसी अवसर पर तिलकगंज जैन समाज के द्वारा आर्यिका विजिज्ञासा श्री माता जी के ससंघ सानिध्य में गत रोज 25 मंडलीय कल्पद्रुम महामंडल विधान का शुभारंभ हुआ । गुरुवार को प्रातः गौराबाई दिगम्बर जैन मंदिर, नमकमंडी सागर से तिलकगंज विधान मंडप तक 101 श्री जी के साथ घटयात्रा निकाली गई । तत्पश्चात कपिल मलैया के द्वारा ध्वजारोहण किया गया, इसमें सौधर्म इन्द्र दिलीप शाह, कुबेर इन्द्र नरेन्द्र नायक एवं भूमि प्रदाता चुन्नीलाल पटेल का सहयोग रहा । विधान पं.अंकित जैन के निर्देशन एवं विदुषी बाल ब्र. रूबी दीदी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। आज विधान के शुभारंभ पर आर्यिका विजिज्ञासा श्री माता जी ने कहा कि ऐसे महा अनुष्ठान से केवल विधान महापात्रों एवं पात्रों को ही नहीं वरन उस भूमि पर रहने वाले अनेक जीवों को पुण्य का फल मिलता है ।

## राष्ट्रीय कुडो प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों का सम्मान समारोह संपन्न

### विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने दी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मध्यप्रदेश कुडो एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश के तत्वावधान में सागर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय कुडो प्रतियोगिता 2025 के लिए चयनित खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 24 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक इनडोर स्टेडियम, सूरत (गुजरात) में आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश कुडो एसोसिएशन के चेयरमैन एवं नगर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विधायक जैन ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि "मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने हमेशा अपने परिश्रम और अनुशासन से प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। मुझे विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी सूरत में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और राज्य का नाम ऊँचा करेंगे।"

समारोह के दौरान शैलेंद्र कुमार जैन ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित सभी खिलाड़ियों को किट बैग भेंट किए तथा दीपावली के उपलक्ष्य में मिठाइयों का वितरण भी किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक मजबूती का प्रतीक है, बल्कि यह अनुशासन, टीम स्पिरिट और सकारात्मक सोच का भी माध्यम है।

इस अवसर पर डॉ. मोहम्मद खान, अध्यक्ष कुडो एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश, ने कहा कि चयनित खिलाड़ियों का यह सम्मान उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने यह भी बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी "अक्षय कुमार इंटर नेशनल कुडो टूर्नामेंट" में भाग लेने का अवसर प्राप्त करेंगे, जो आगामी दिनों में सूरत के इनडोर स्टेडियम में ही आयोजित होगा। समारोह में हरिकांत तिवारी, महासचिव, नीरज यादव, कोषाध्यक्ष तथा शुभम राठौर, सुश्री मेघा भोजक और सोहेल खान विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएँ दीं।

यह कार्यक्रम सागर के खेल समुदाय के लिए गर्व का क्षण रहा, जहाँ खिलाड़ियों के उत्साह और आत्मविश्वास ने पूरे वातावरण को प्रेरणादायक बना दिया।



### उद्यानिकी एवं कृषि आधारित उद्योगों पर एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**सागर।** एमएसएमई एवं सेडमैप सागर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में 17 अक्टूबर को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच के साथ उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपना करियर बना सकते है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महाविद्यालय की पीएम उषा प्रभारी डॉक्टर इमरान सिद्दीकी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ आरके मिश्रा सेवानिवृत्ति वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी उद्यान विभाग सागर ने जिले में उद्यानिकी एवं कृषि आधारित फसलों पर स्थापित किया जा सकने वाले उद्योगों पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न ऋण योजना पर श्री महेश पाल प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सागर के द्वारा जानकारी प्रदान की गई स्टार्टअप इंडिया के मेंटोर श्री शुभम दुबे द्वारा उद्यानकी एवं कृषि आधारित उद्योगों में कैसे स्टार्टअप कर सकते हैं इस पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन एन एस तोमर जिला समन्वयक सेडमैप सागर द्वारा किया तथा अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर प्रकाश कुशवाहा, डॉक्टर अरविंद सिंह ठाकुर, डॉक्टर वरुण राज यादव, श्री देव कृष्ण नामदेव सेडमैप के कार्यक्रम सहायक राजकुमार चौधरी और श्याम सुंदर पटेल तथा 70 से 80 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### मालथौन में व्यवहार न्यायालय और 7 नवीन पदों की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया

**सागर।** मध्यप्रदेश मन्त्री परिषद की बैठक में खुरई विधानसभा क्षेत्र के मालथौन विकासखंड मुख्यालय पर व्यवहार न्यायालय (कनिष्ठ खंड) की स्थापना की स्वीकृति का निर्णय लिये जाने पर पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री व मंत्रिपरिषद का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में 23 अक्टूबर, 2025 को आयोजित मंत्रि परिषद की बैठक में पारित निर्णय के अनुसार मालथौन जिला सागर में व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ खंड के नियमित न्यायालय की स्थापना की स्वीकृति दी गई है। इसके लिए कुल 07 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री डा मोहन यादव को किसानों के हित में लिए गए उस निर्णय की भी सराहना की गई है जिसमें वर्ष 2025-26 के लिये सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना को निरन्तर रखे जाने कीं स्वीकृति दी गई है। इस योजना के तहत किसानों को 3 लाख रूपये तक का लोन दिया जाता है जिसके लिए वर्तमान वर्ष में 23000 करोड़ रूपये वितरण का लक्ष्य रखा गया है। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा है कि टीकमगढ़ जिला चिकित्सालय में 800 बिस्तर बढाए जाकर 1800 बिस्तरीय अस्पताल करने से बुंदेलखंड में चिकित्सा सुविधा में वृद्धि होगी जिसकी यहां लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

श्री रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में हुआ भव्य गोवर्धन पूजन समारोह, उमड़ी जनआस्था

# पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की निजी गोशाला से आए चार ट्रॉली गाय के गोबर से निर्मित हुए भगवान गोवर्धन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



श्री रुद्राक्ष धाम में उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गौशाला के गाय गोबर से बने विराट काय भगवान गोवर्धन स्वरूप का सामूहिक पूजन किया। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा इस आयोजित भगवान गोवर्धन पूजन के मनोहारी दृश्य की विशालता इतनी थी कि वह सामान्य कैमरों की रेंज से अधिक था, सिर्फ ड्रोन कैमरे ही इसकी संपूर्ण दृश्वावली को कैप्चर कर सके। युवा नेता अविराज ने पूजन समारोह में भगवान श्री वैंकटेश स्रोत पाठ कर आयोजन में आध्यात्म की गंगा प्रवाहित कर दी।

श्री रुद्राक्ष धाम मंदिर में विराजे भगवान श्री राधा कृष्ण जी के सम्मुख प्रांगण में दो हजार वर्ग फीट में चार ट्राली गौमाता के गोबर से भगवान गोबर्धन की रचना की गई थी। भगवान गोवर्धन के शीर्ष पर गोवर्धन पर्वत उठाए भगवान श्री बांके बिहारी के प्रतिमा स्वरूप बनाया गया।

पूजन का आरंभ पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की गौशाला से आई छोटी सी गौमाता के पूजन से हुआ। तत्पश्चात गोवर्धन पूजन, आरती और सभी श्रद्धालुओं द्वारा गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा हुई। भगवान वेंकटेश के अनन्य भक्त अविराज सिंह ने वेंकटेश स्त्रोतम्‌ का सस्वर पाठ किया। श्रद्धालुओं को घर में निर्मित भोग प्रसादी का वितरण किया गया।

गोवर्धन पूजन का समापन होते ही आकाश में रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। और फिर पारंगत सांस्कृतिक दल ने बुंदेली लोक नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को नृत्य में शामिल होने का अवसर दिया।

इस मनोरम गोवर्धन पूजा में पूर्व विधायक वीर सिंह पवार, डा सुशील तिवारी, शरद अग्रवाल , शैलेंद्र ठाकुर, रामू ठेकेदार, अनुराग प्यासी, यशवंत करोसिया, सोमेश जड़यिा, सूरज घोसी, लक्ष्मण सिंह, श्रीमती संध्या भार्गव, सुशील भार्गव, अजय देवलचौरी, रिशांक तिवारी, आकाश सिंह गोदना, नवीन भट्ट, राजीव सोनी, अजीत सिंह चीलपहाड़ी, संतोष दुबे, जगन्नाथ गुरैया, विक्रम सोनी, वीरचंद जैन, अनिल जैन नैनधरा, अरविंद जैन लंबरदार, राहुल सिंह, अरजरिया जी, अंकित विश्वकर्मा, शरद जैन, पं राजू तिवारी, राकेश चौबे, पं विनय चौबे, अवधेश तिवारी, जुगल किशोर नामदेव, विशाल गुरु सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।




### विधायक शैलेंद्र जैन ने आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी अभियान के तहत किया सामग्री वितरण

**सागर।** विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी अभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों से आए भाजपा पदाधिकारियों को अभियान की सामग्री वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को आत्मनिर्भर भारत अभियान की अवधारणा और उद्देश्य की विस्तृत जानकारी दी तथा सभी से स्वदेशी वस्तुओं के अधिकतम उपयोग का संकल्प दिलाया। विधायक जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "वोकल फॉर लोकल" संदेश को जन-जन तक पहुँचाना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दे, तो देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और स्थानीय कारीगरों, उद्योगों तथा छोटे व्यापारियों को नया संबल मिलेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र में जनसंपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग हेतु प्रेरित करें, ताकि "हर घर स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत" का संकल्प साकार हो सके। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, हरिसिंह गौर मंडल अध्यक्ष नीरज यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष चौबे, चेतराम अहिरवार, पार्षद नरेश धानक, देवेंद्र अहिरवार, आकाश ठाकुर, रामसिंह अहिरवार, निर्भय घोसी, अनिकेत यादव एवं प्रीतम पटेल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### श्री काल सेन भैरव बाबा मंदिर में दोज मनाई



**गंज बासौदा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री कालसेन भैरव बाबा मंदिर गांधी चौक पर दीपावली दोज पर भैरव बाबा के दरबार को विशेष रूप से सजाया गया। पूजन, अभिषेक कर हवन सत्यनारायण व्रत कथा के पश्चात दोपहर में बाबा की महा आरती हुई। कार्यक्रम के अंत में खीर के प्रसाद का वितरण किया गया।

### किराना दुकान में चोरी



**गंजबासौदा।** गत दिवस नेहरू चौक स्थित किराना दुकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया। अज्ञात चोर दुकान के शटर के ताले तोड़कर नगदी और किराना सामान चुरा ले गए। जिससे दुकानदार को हजारों रुपये का नुकसान हो गया। जिसकी शिकायत पीड़ित दुकानदार ने सिटी पुलिस थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर घटना स्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया।

### ुलिस ने किया हार्टफुलनेस ध्यान

**विदिशा।** मानसिक संतुलन, सकारात्मक सोच और तनाव मुक्त कार्यशैली की दिशा में सार्थक पहलपुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी शिखा भलावी के नेतृत्व में आज 21 अक्टूबर को थाना शहर गंजबासौदा में हार्टफुलनेस ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन पुलिस महानिरीक्षक (प्रशासन) पीएचक्यू भोपाल रुचिवर्धन मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मप्र के हार्टफुलनेस समन्वयक गजेन्द्र गौतम, हार्टफुलनेस प्रशिक्षक शिखा भलावी, थाना प्रभारी संजय बेदिया एवं मनोज दुबे उपस्थित रहे। सत्र के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सहज मार्ग की रिलेक्सेशन, ध्यान, सफाई एवं प्रार्थना की पद्धतियों का गहन अभ्यास कराया गया।

### मंदिरों में ध्वज यात्रा 30 को निकाली जाएगी

**विदिशा।** रामलीला मेला समिति द्वारा रामनवमी के पर्व पर मंदिरों के ध्वजों की उदयगिरि परिक्रमा 30 अक्टूबर गुरुवार को सुबह 9 बजे प्रधान संचालक पंडित चंद्रकिशोर मिश्र शास्त्री के निवास विश्वानाथ शास्त्री पुरम चौपड़ा से निकाली जाएगी। ध्वज यात्रा गणेश मंदिर बड़ा बाजार पहुंचकर संपन्न होगी। रामलीला मेला समिति के मानसेवी सचिव डॉ. अनिल शर्मा ने ध्वज यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

# शंभू ने चिंगारी को हराकर जीती पाड़ों की लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





बुधवार को दोपहर के समय रजोदा रोड़ पर पाड़ों की लड़ाई का आयोजन किया गया। इस बार शंभु नामक पाड़ा ने चिंगारी को हराकर खिताब अपने नाम किया। यह परंपरा 45 वर्षों से चली आ रही है, जिसे देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठा हुए। लड़ाई की शुरुआत धीमी रही, लेकिन अचानक यह तेज हो गई। शंभु ने अपने प्रतिद्वंद्वी चिंगारी को पराजित कर जीत हासिल की। लड़ाई से पहले, पड़ों को अच्छे से सजाया गया और ढोल-नगाड़ों के साथ मुख्य मार्गों से खाली मैदान पर लाया गया था। आयोजक पवन यादव ने बताया कि उनके दादा सहित समाज के अन्य लोग भी इस आयोजन को करते आ रहे हैं और अब वह इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। इस बार विजेता शंभु पड़ा पवन यादव का रहा। लड़ाई के बाद गोवर्धन की पूजा-अर्चना कर खीर का वितरण किया गया। इस लड़ाई को देखने के लिए बडी संख्या में लोग पहुंचे।

## जनप्रतिनिधियों ने गौशाला में गौग्रास खिलाकर किया गो पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


दीपावली के पावन पर्व पर बनवा जागीर में नगरपालिका द्वारा संचालित गौशाला में गौपूजन व गौग्रास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने गौमाता की पूजा-अर्चना कर उन्हें गौग्रास अर्पित किया। कार्यक्रम में जितेंद्र मैना, चंद्रशेखर दुबे, रूपेंद्र शर्मा गुड्डा, पार्षद मनीष विश्वकर्मा, संजय भावसार, अनुज यादव, सचिन श्रीवास्तव सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## गोवर्धन पूजन के अवसर पर नगर में दिन भर हुए आयोजन

# इलाके भर में उत्साह व उमंग से मना रोशनी का पर्व दीपावली








हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

दीपावली का पर्व क्षेत्र भर में धूमधाम व उत्साह से मनाया गया। इस दौरान नागरिकों ने हर्षोल्लास के साथ इस त्योहार को मनाया। लोगों ने अपने घरों को सजाकर, पटाखे आदि फोडे एवं जगह-जगह रंगोलियों को सजाया। ज्ञात हो कि इलाके भर में दीपावली का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी इसी उत्साह के साथ दीवाली मनाई गई। इस मौके पर लोगों ने घरों की रंगाई, पुताई करते हुए उन्हें सजाया और उनमें आकर्षक विद्युत साज सज्जा की। दीवाली पर शुभ मुहुर्त में सभी ने पूजन अर्चन कर आतिशबाजी की। इस अवसर पर महिलाओं और बच्चों ने भी जमकर आतिशबाजी की। नगर सहित ग्रामीण अंचलों में आतिशबाजी का दौर देर रात तक चलता रहा। वहीं बुधवार को



गोवर्धन पूजन शहर सहित ग्रामीण अंचलों में हुई। लोगों ने परिवार के सदस्यों के साथ गोवर्धन पूजन की। शहर के अधिकांश मंदिरों में भी गोवर्धन पूजन अन्नकूट का आयोजन किया गया। वेदांत आश्रम में और पूर्व कृषि अधिकारी राजेन्द्र व्यास के निवास पर आकर्षक गोवर्धन बनाकर उनकी पूजन अर्चन की गई।

### मौन व्रत धारण की 12 गांवों की परिक्रमा, बरसों पुरानी परंपरा निभाई



**गंजबासौदा।** श्री देव महाराज मोनी पार्टी ने वार्ड न 2 स्थित देव महाराज के मंदिर से मौन धारण कर 12 गांव की परिक्रमा शुरू की। करीब दो दर्जन लोगों ने मौन व्रत किया। मौन पार्टी के पुराने सदस्य पन्नालाल कुशवाह ने बताया ये परंपरा करीब 100 वर्षों से चली आ रही है। इस परंपरा को स्वर्गीय दादा बसंत लाल ने शुरू किया था जिसको 60 वर्षों तक जारी रखा। उसके बाद उनके पुत्र पन्नालाल कुशवाह 30 वर्षों से जारी रखें हैं। तीसरी पीढ़ी में मोहित कुशवाह भी 8 वर्षों से पार्टी के सदस्य हैं। इस बार मौन पार्टी में पन्नालाल कुशवाह, घनश्याम कुशवाह, मनोज कुशवाह, सरवन कुशवाह, दुर्जन रैकवार, संदीप रैकवार, भगवान दास कुशवाह, भगीरथ कुशवाह, धनराज रैकवार,मोनू रैकवार, सोनू रैकवार, अंकित रैकवार,सुनील रैकवार आदि गोवर्धन परिक्रमा के रूप में आसपास के गांवों की परिक्रमा पर निकले।सबसे पहले सभी लोगों ने श्री देव महाराज की पूजन की फिर नियम अनुसार नीम की पत्तियां खाकर मौन व्रत रखा। इसके बाद यह परिक्रमा वार्ड न 1, 2, 3, बहलोत, परसौरा,कांचरोद,भडेरु, हरदूखेडी, सेमरा, इमलधाम, महागौर, पंच पीर,चक स्वरूप नगर की परिक्रमा पर निकली। व्रत धारी परिक्रमा पूरी करने के बाद ही मौन व्रत खोलते हैं। इस दौरान गांव गांव में दूध दही से स्वागत किया जाता है और जब तक मोनी पार्टी गांव में नहीं जाती तब तक गाय को कोई खोलता नहीं है, न ही गोवर्धन पूजन होती है। मोनी पार्टी द्वारा पूजन करने के बाद ही गायों को गौशालाओं से खोला जाता है।

## त्योंदा पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में त्योंदा थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा ट्रैक्टर चलाकर मारने की कोशिश करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को फरियादी आशीष दुबे उम्र 32 साल निवासी ग्राम बारोद ने शिकायत की थी कि ग्राम के ही सरवन कुशवाह व उसके पुत्र मनोज कुशवाह ने गोवर्धन पूजा न करने की बात पर से फरियादी के साथ गाली गलौंज कर जान से मारने की नीयत से उसे एवं उसके साथी मदनलाल शर्मा के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की थी। जिसमें दोनों के हाथ पैरों व शरीर में अन्य जगह पर चोटें आई थीं। घटना की जानकारी मिलने पर त्योंदा पुलिस द्वारा पीड़ितों को त्योंदा स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार हेतु भर्ती कराया गया था। फरियादी आशीष की रिपोर्ट पर त्योंदा पुलिस ने आरोपीगण के विरूद्ध धारा 109, 324(4), 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। जिसके बाद त्योंदा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सरवन कुशवाह उम्र 46 साल एवं मनोज कुशवाह उम्र 21 साल को 5 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर जब्त कर लिया तथा आरोपीगण को न्यायालय पेश किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक बबीता सिंह चौधरी, गौरीशंकर राजपूत, सुभाष चंद्र, शिवम तोमर , हरिकेश तोमर, कला शर्मा की विशेष भूमिका रही।

### आकर्षक रंगोली बनाकर दिया भगवान राधा कृष्ण की भक्ति का संदेश



**गंजबासौदा।** दीपावली पर आकर्षक पारम्परिक रंगोली बना भगवान राधा कृष्ण की भक्ति का संदेश दिया है। इस रंगोली में अंशिता अरोरा ने राधा कृष्ण की पूजन कर दीपावली पर दर्शाया है कि कार्तिक मास में कार्तिक स्नान के साथ भागवान कृष्ण की पूजन क्यों की जाती है। राधा कृष्ण की भक्ति के साथ एकता का संदेश भी दिया गया है। अंशिता शासकीय सुभद्रा कन्या महाविद्यालय में पदस्थ अनिल अरोरा की पुत्री हैं। इन्होंने राज्य स्तर पर भी रंगोली प्रतियोगिता में भी पुरस्कार जीते हैं। दीपावली के अवसर पर श्री मंशापूर्ण हनुमान के मंदिर के पास आकर्षक रंगोली बना कर इस बार रेलगाड़ी पर सवार राधाकृष्ण के पूजन के महत्व को दर्शाया है। कार्तिक मास में जहां भगवान शिव की आराधना कर अभिषेक भी इस माह में किया जाता है। वहीं कार्तिक का पूरा महीना भगवान कृष्ण के लिए समर्पित रहता है। दीपावली पर आयोजित होने वाली परंपरा का संदेश भी दिया है। चित्र में गौवंश के पूजन के महत्व को भी दर्शाया गया है। राधा कृष्ण को बैलगाड़ी में विराजित जो चित्रण किया है। उसमें उनके गौवंश प्रेम को भी दिखाया गया है। 13 फीट में बनी रंगोली इस बार भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। खासबात यह है कि अंशिता के द्वारा बनाई रांगोली को शहरवासियों द्वारा सराहा जा रहा है। अंशिता हर वर्ष दीपावली के दूसरे दिन रंगोली बनाकर सनातन धर्म का अलग-अलग संदेश देती हैं।

### पाठक संघ ने गृहमंत्री का जन्मदिन मनाया



**गंजबासौदा।** शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय गृहमंत्री अमित भाई शाह का जन्मदिन मनाया गया। दीपक तिवारी ने बताया कि अमित शाह अनिलचंद्र शाह का जन्म 22 अक्टूबर 1964 को हुआ। वह एक भारतीय राजनेता हैं, जो वर्तमान में मई 2019 से 32 वें और सबसे लंबे समय तक गृह मंत्री के रूप में सेवारत हैं। इसके अतिरिक्त वह जुलाई 2021 से पहले सहकारिता मंत्री हैं एवं गांधीनगर से संसद सदस्य (सांसद) भी हैं। लायंस क्लब के अध्यक्ष विजय अरोरा द्वारा बताया गया कि अमित शाह देश के ऐसे नेता है कि जिनको चाणक्य की उपाधि दी गई है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के लिए और देश के लिए कई बार संकटों से उबारा है। कार्यक्रम के अंत में आभार वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर कैलाश, सुरेंद्र दांगी, नरेंद्र जैन, बबलू राय, रमेश सोलंकी, गोपाल सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### बस्ती में घर-घर बांटी मिठाई और पटाखे



**गंजबासौदा।** सावित्री महिला मंडल एवं इनर सोल ने अनोखी पहल कर घर रोशन हो सबके घर में खुशियां हो यह सोच कर दिवाली के अवसर पर आजाद नगर एवं डिडोली गांव के आदिवासी और गरीब बस्तियों में घर-घर जाकर मिठाई और पटाखे बांटे। सावित्री महिला मंडल एवं इनर सोल के संयुक्त तत्वावधान में दीपावली के 2 दिन पहले से मिठाई वितरण शुरू कर दिया गया था। इनर सोल के संस्थापक आदर्श शर्मा ने बताया कि ऐसे परिवारों को जिनके घर में वास्तव में दीपक की जरूरत थी मिठाई की जरूरत थी। उन परिवारों में पहुंच कर सावित्री महिला मंडल एवं इनर सोल की टीम ने मिठाई, पटाखे, दीपक, रंगोली, कलर वितरित किए। निस्वार्थ भावना से सेवा दे रही बहनों को मिठाई, दीपक, रंगोली कलर, फुलझड़ी आदि सामग्री वितरित की। इस अवसर पर महिला बाल विकास से रविन्द्र रघुवंशी, संतोष रघुवंशी, मंडल की संरक्षक वंदना तिवारी, मंडल की वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोनाली शेवडे, साधना दीक्षित, रश्मि देशपांडे, मधु पांडे, रीता मिश्रा, विद्या यादव, प्रिंसी शर्मा, समीक्षा शर्मा, मोहित भार्गव, शुभेन्द्र राजपूत, आरू कुलश्रेष्ठ, रौनक, शिवम आदि मौजूद थे।

## रामकथा सुनाकर दिलाया स्वदेशी, कामधेनु दीपावली मनाने का संकल्प

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने वितरित की मिठाई-कपड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार की प्रेरणा से संघ संबधित मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के गौ सेवा प्रकोष्ठ जिला गंज बासौदा मध्यभारत प्रांत द्वारा बच्चों को धनतेरस, नरक चतुर्दशी एवं दीपावली क्यों मनाते है? कैसै मनाऐ? भगवान श्रीराम की कथा रामायण, उनके अयोध्या आने का पूरा वृतांत विस्तार से सुनाकर कामधेनु दीपावली स्वदेशी सामग्री के साथ मनाने व साफ-सफाई स्वच्छता का संदेश दिया गया। गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया संघ के शताब्दी वर्ष की खुशी मे गौ सेवा प्रकोष्ठ, जिले के दलित आदिवासी पिछडे वर्ग के निर्धन गरीब एक सौ परिवारो मे दीवाली की खुशिया रोशन कर रहा है। कामधेनु दीपावली मनाने एक सौ घरो मे गौ मय दीपकों से रोशनी कर दीपावली की खुशिया बाट रहा हैं। इसी के साथ गरीब निसहाय जनो को पटाखे फूलझडी के साथ साथ मिठाईया एवं शैक्षिक सामग्री, वस्त्र, जूते-चप्पल का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्याम पाल सिंह रघुवंशी ने श्रीराम का चरित्र अपनाने पतितों को गले लगाने का आहवान करते हुए संपूर्ण भारत मे रामराज्य स्थापित करने, स्वदेशी अपनाने आत्मनिर्भर भारत बनाने का आह्वान किया। निर्धन बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में चतर सिंह, हीरा लाल, भगवत सिंह, राजकुमारी लोधी , सोना बाई, भूला बाई सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे ।

### गंभीर घायल को समय पर एंबुलेंस न मिलने पर किया चक्काजाम

**गंजबासौदा।** राजेंद्र नगर में दोपहर बाद हुई दुर्घटना में घायल व्यक्ति को शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे विदिशा रेफर कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को विदिशा रेफर करने के बाद एम्बुलेंस का घंटों इंतजार करने के बाद जब एंबुलेंस नहीं मिली तो घायल व्यक्ति के शुभचिंतकों और परिजनों ने घायल को लेकर अस्पताल के सामने चक्का जाम कर दिया। काफी देर तक चक्का जाम के बाद पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। जहां घायल व्यक्ति को शीघ्र एंबुलेंस की व्यवस्था कराई। तब जाकर चक्का जाम हटाकर रोड खुलवाया गया।

# बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर पर बनाई रंगोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




विगत दिवस रेल्वे स्टेशन, पुलिस थाना परिसर में कई आकर्षक रंगोलियां बनाईं गईं। इनमें आपरेशन सिंदूर पर आधारित रंगोली विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसे बनाने में बच्चों को करीब डेढ़ घंटे का समय लगा। आपरेशन सिंदूर पर आधारित इस रंगोली में इस अभियान को दर्शाया गया था। इसमें इस आपरेशन में अहम भूमिका निभाने वाली कर्नल सोफिया को भी चित्रित किया गया। जिसने सभी का ध्यान खींचा। रंगोली पूरी होने पर थाना परिसर में मौजूद पुलिस अधिकारियों ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। उन्होंने रंगोली की तस्वीरें खींचकर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी साझा कीं। शहर थाना के उप निरीक्षक राधेश्याम यादव ने विशेष रूप से इस कलाकृति की प्रशंसा की। भगवत चिंतन सेवा समिति के दीपेश शर्मा ने बताया कि उनकी समिति का उद्देश्य केवल अपने घर को नहीं, बल्कि पूरे शहर को सजाना है। इसी उद्देश्य से वे पिछले कई वर्षों से कार्य कर रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, दीपावली, होली सहित अन्य पर्वों पर बच्चे रेलवे स्टेशन, सरकारी अस्पताल, शहर थाना परिसर और तहसील सहित अन्य सामाजिक स्थानों पर पहुंचकर निशुल्क रंगोलियां बनाते हैं और शहर में जागरूकता का संदेश भी देते हैं। समिति के संस्थापक एवं विख्यात कथावाचक अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने जानकारी दी कि बच्चों को रंगोली सहित अन्य कलाओं का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। ये बच्चे सामाजिक स्तर पर शहर को सजाने और जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से सार्वजनिक स्थानों पर रंगोलियां बनाते हैं। जिसमें समसामयिक मुद्दे भी शामिल रहते हैं।

### पटाखा बाजार परिसर में कराई साफ-सफाई



**गंजबासौदा।** दीपावली त्योहार के चलते बरेठ रोड नए बस स्टैंड स्थित रामलीला ग्राउण्ड में आतिशबाजी की सैकड़ों दुकाने लगी थी। परिसर में एक सप्ताह से लगभग 250 से 300 दुकानें लगी हुई थी। इस दौरान प्लास्टिक पन्नी एवं कागज के डिब्बों से बड़ी मात्रा में कचरा फैला हुआ था। जिसे बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव के निर्देश पर नपा के आरके नेमा के नेतृत्व में नपा सफाई कर्मियों की मदद से साफ, सफाई कराई गई। इस दौरान बड़ी मात्रा में कचरा निकला।

### मप्र सरकार की कैबिनेट बैठक में पांच जिला अस्पतालों में बेड बढ़ाने की मंजूरी

# बढ़ी स्वास्थ्य सेवा:200 से 300 बिस्तर का हुआ श्योपुर का जिला अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर जिला अस्पताल में अब मरीजों को बेड खाली नहीं मिलने की समस्या कुछ हद तक नहीं रहेगी। सरकार ने इस समस्या के निराकरण के उद्देश्य से जिला अस्पताल में 100 बेड बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसकी जानकारी प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए दी, जिसमें पांच जिलों के जिला अस्पताल में 800 बेड बढ़ाने की जानकारी दी गई है, जिसमें श्योपुर जिले का नाम भी शामिल है।

मप्र सरकार की कैबिनेट की बैठक में श्योपुर सहित पांच जिलो के अस्पतालों में बेड बढाए जाने की मंजूरी प्रदान कर दी है। कैबिनेट की बैठक में लिए निर्णय की जानकारी भोपाल में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सरकार की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए जानकारी दी कि मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ोतरी के उद्देश्य के पांच जिलों के जिला अस्पताल में बेड बढ़ाए जाने का निर्णय लिया गया है इन जिलों में टीकमगढ़, नीमच, सिंगरौली, डिंडौरी और श्योपुर के जिला अस्पतालों को शामिल किया गया हैं। श्योपुर जिला अस्पताल के लिए सरकार द्वारा यह निर्णय कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा भेजे गए उस प्रस्ताव पर लिया गया है जिसमें उन्होंने जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक होने और बेड कम पढ़ने से जुड़ी जानकारी शासन को भेजी थी। ज्ञात हो कि कलेक्टर अर्पित वर्मा कई बार अस्पताल का निरीक्षण कर चुके हैं तब उन्हें टेबिल ओर जमीन पर लेटकर ड्रिप लगाते हुए मरीज मिले थे इस समस्या के निराकरण के उद्देश्य से उन्होंने शासन को पत्र लिखा था जिसे स्वीकार करते हुए अब श्योपुर जिला अस्पताल में 100 बेड बढ़ाने की स्वीकृति मिल गई है शीघ्र ही जिला अस्पताल 200 से 300 बिस्तरों वाला हो जाएगा।




### अतिरिक्त स्टाफ के लिए मांग करने का मिला अधिकार

भले ही जिला अस्पताल को 200 बिस्तरों से 300 बिस्तरों वाला बनाने से स्वास्थ्य सेवा में कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा लेकिन इससे उस अस्पताल स्टाफ को राहत जरूर मिल सकती है जो अभी काम के बोझ से दबा हुआ है। 200 बेड संख्या वाले इस अस्पताल में इस मान से चिकित्सक और स्टाफ पदस्थ हैं लेकिन 2 से 6 गुना तक अधिक मरीज अस्पताल में आने का भार भी उक्त स्टाफ पर पड़ रहा है जिसके चलते स्टाफ का मानसिक तनाव से गुजरना आम बात है जिसकी बानगी कई बार लड़ाई झगड़ा और थानों में रिपोर्ट होना भी है अब रिकॉर्ड में जिला अस्पताल 200 से 300 बिस्तरों वाला हो जाएगा ऐसी स्थिति में अस्पताल प्रबंधन को 100 बेड के लिए अलग से स्टाफ की मांग करने का अधिकार मिल जाएगा। इसका लाभ मरीजों से अधिक स्टाफ को मिलने वाला है जो अभी काम के बोझ से बुरी तरह दबा हुआ है।

### 400 मांगे थे, 100 मिले, फिर भी 20 की ही बढ़ोत्तरी

हालांकि सरकार से जुड़े भाजपा नेता श्योपुर जिला अस्पताल में बेड संख्या 200 से 300 कर देने को सौगात बताकर अपनी ओर सरकार की पीठ ठोक रहे हों लेकिन जानकारों की माने तो इस घोषणा से जिला अस्पताल में कोई खास फर्क पड़ने वाला नहीं है। जिला अस्पताल 200 बिस्तर स्वीकृत है, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने अभी भी वहां 80 अतिरिक्त बेड लगाए हुए हैं। इसके बावजूद एक बेड को दो मरीजों द्वारा शेयर करना, कुर्सी पर बैठकर टेबल ओर जमीन पर लेटकर ड्रिप चढ़वाते मरीज दिखाई पड़ने आम बात है। जरूरत अनुसार अस्पताल छोटा पड़ने से अस्पताल प्रबंधन ने कलेक्टर के माध्यम से अस्पताल को 600 बिस्तरों वाला स्वीकृत करने का प्रस्ताव कलेक्टर के माध्यम से भिजवाया था। जिसे सरकार ने 600 के बजाय 300 बिस्तर वाला ही स्वीकृत किया गया है। इससे सरकार की इस घोषणा का जिला अस्पताल पर कोई खास प्रभाव पड़ने वाला नहीं है क्योंकि अस्पताल प्रबंधन अभी भी 280 बेड लगा कर मरीजों को इलाज़ मुहैया करा रहा है। इसके बावजूद एक बेड पर दो मरीज दिखाई देना आम बात है। शासन की घोषणा पूरी भी होती है तो जिला अस्पताल को अब 280 बिस्तरों से 300 बिस्तरों वाला ही बनाया जाए यानी सिर्फ 20 बेड का फर्क पढ़ने वाला है जो कोई खास मायने नहीं रखता है।

**इनका कहना..**

मुझे अभी जानकारी नहीं है कि जिला अस्पताल में कितने बेड बढ़ाए गए हैं मेरे पास जब तक अधिकृत पत्र नहीं आएगा तब तक कुछ नहीं कह सकता हूं पर बेड बड़े हैं तो उसका लाभ जिला वासियों को ही मिलेगा यह भी तय है।

**डॉ आरबी गोयल**
सिविल सर्जन, श्योपुर

### भाईदूज के साथ हुआ दीपपर्व का समापन, वाहनों में रही भीड़भाड़

# श्रद्धा के साथ मनाई भाईदूज, बहन के टीके से सजा भाई का मस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर





भाई-बहन के रिश्ते की अभिव्यक्ति का पर्व भाई दूज गुरूवार को जिलेभर में श्रद्धा से मनाया गया। इस मौके पर बहनों के द्वारा किए गए टीकों से भाइयों का मस्तक सजा हुआ दिखाई दिया। वहीं बहनें भी भाइयों से मिले उपहार से खुश दिखाई दी। भाईदूज मनाए जाने के साथ ही छह दिनों से जारी दीपपर्व की धूम भी संपन्न हो गई।

कार्तिक शुक्ल द्वितीया को मनाए जाने वाले इस पर्व के मौके पर सुबह से ही घर-घर में बहनों द्वारा भाइयों को तिलक लगाने का सिलसिला शुरू हो गया। रंग बिरंगे परिधान में सजी बहनें उत्साह व उमंग से सराबोर थी। जिन विवाहिताओं का पीहर शहर में ही था वे घर के कामकाज जल्दी निपटाकर भाई को तिलक लगाने पहुंची। परंपरा के अनुसार भाई को तिलक लगाने से पहले महिलाओं ने गोबर की भाईदूज बनाई और पूजा की।

इस मौके पर भाई-बहन के अटूट प्रेम से जुड़ी लोक कथा का श्रवण भी किया गया। वहीं दूसरी ओर राजस्थानी संस्कृति की परंपरा अनुसार जिले के ग्रामीण अंचल में कई भाई अपने बहनों के ससुराल पहुंचे और उन्हें दौज पहनाई (नए कपड़े उपहार में दिए)। यही वजह रही कि सुबह के समय यात्री बसें व अन्य वाहनों में खासी भीड़ रही।

इधर भाईदूज पर मार्मिक दृश्य जिला जेल श्योपुर पर देखने को मिला। जहां बहनें जेल में बंद अपने भाइयों को दूज का टीका करने के लिए हजारों दुआएं लेकर पहुंची और अपने भाइयों को टीका किया। जेल में बंद भाइयों को बहनें न केवल तिलक लगाने पहुंची बल्कि भाइयों के लिए कपड़े, उनकी पसंदीदा खाने की चीजें भी साथ लेकर आई।

# सुन्नत वल जमात के प्रतिनिधि मंडल ने की कलेक्टर से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




जिले में मुस्लिम समुदाय से जुड़े तीज त्यौहार और सामाजिक आयोजनों का संचालन करने वाली आशिकाने रसूल सुन्नत वल जमात समिति ने कलेक्टर अर्पित वर्मा एवं एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल से मुलाकात करते हुए जिले में चल रहे नशे के रैकेट को खत्म करने संबंधित ज्ञापन सौंपा। कमेटी के जिलाध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी एवं वर्किंग कमेटी सदस्य अनवर रंगरेज ने जिले के दोनों शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात करते हुए उन्हें दीपावली की शुभकामना दी और उनके द्वारा जिले में चलाई जा रही योजनाओं पर संतुष्टि जताते हुए उसमें और सुधार की मांग की।

खासकर नशे के प्रति लगाम लगाने के लिए उन्होंने कड़ाई से कदम उठाने की मांग की। इस मामले में उन्होंने दोनों अधिकारियों से मांग है कि नशे के सौदागरों को के खिलाफ जिला बदर जैसी कार्रवाई की जाए ताकि वह जिले में रहकर नशे की के धंधे को बढ़ाने में अपना योगदान ना दे सके। इस दौरान मोहम्मद चीनी कुरैशी ने उन्हें कमेटी द्वारा भोपाल कार्यालय से दिए गए अधिकृत नियुक्ति पत्र भी उपलब्ध कराया।

# नवविवाहिता का वीडियो वायरल, बोली- न्याय नहीं मिला तो कर लूंगी आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

प्रेम विवाह करने वाली एक नव विवाहिता का अपने पति के साथ एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में नव विवाहिता पुलिस पर आरोप लगाते हुए कह रही है कि मेरे परिवार के लोग मेरे पति के परिवार के लोगो के साथ आए दिन मारपीट कर रहे है। लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

वायरल वीडियो में दिख रही कि नव विवाहिता तलावदा गांव की रहने वाली अर्चना वैष्णव है,जिसने पिछले दिनों अपने प्रेमी के उमेश के साथ कोर्ट मैरिज की है। बताया जा रहा है कि अर्चना और उमेश एक ही थाना क्षेत्र के रहने वाले है। अर्चना का इस तरह विवाह करना उसके परिजनों को रास नहीं आया है,इसलिए उमेश के परिजनों के साथ मारपीट कर रहे है। विवाहिता अर्चना वैष्णव आरोप लगा रही है कि इस मामले की पुलिस से शिकायत की गई है परंतु पुलिस कोई सुनवाई नहीं कर रही है। वीडियों में अर्चना ने अपने परिजनों के नाम लेकर दो दिन में आत्महत्या करने की धमकी दी है साथ ही यह भी कहा है कि अगर 2 दिन में मेरे परिवार के लोगों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध नहीं किया गया तो वह सुसाइड नोट सोशल मीडिया पर वायरल करेगी.और एसपी को मामले की हकीकत से रूबरू कराएगी

**वीडियो पुराना**

युवती की ओर से कोई शिकायत थाने में दर्ज नहीं कराई गई है। शिकायत आएगी तो पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, वह वीडियो भी सप्ताहभर पुराना है।

**पप्पू सिंह यादव**
**टीआई मानपुर**

### 10 माह पहले हुई भैंस चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

# गसवानी थाना पुलिस ने एक भैंस चोर दबोचा, चोरी की 2 भैंसें बरामद की

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




गसवानी के जंगल से करीब 10 माह पहले 10 भैसो के चोरी हो जाने संबंधी मामले का गसवानी थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए एक भैस चोर को दबोच लिया है। पुलिस ने दबोचे गए भैस चोर के कब्जे से चोरी की 2 भैस भी बरामद कर ली है। इस भैस चोरी मामले में चार भैस चोर शामिल बताए गए है। जिनकी पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।

गसवानी थाना प्रभारी रीना राजावत ने बताया कि शैलेन्द्र पुत्र रतिराम यादव निवासी घोपन का पुरा ने 22 दिसंबर 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 दिसंबर 2024 को सुबह 9 बजे के आसपास उसके चाचा करन सिंह अपनी 10 भैस, 2 पडा, 1 बछिया को जंगल में चराने गए थे। जंगल में चरने के दौरान उनकी भैसे चोरी हो गई।काफी तलाश करने के बाद भी भैसों का कोई अता पता नहीं चला। गुम हुए 13 नग मवेशी की कीमत 95 हजार रूपए आंकी गई है। इस मामल में जांच के बाद 12 जनवरी 2025 को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया और पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में भैसो को तलाशने की कार्रवाई शुरू की।

### भरत ने चार साथियों के साथ चुराई थीं भैंसें

गसवानी थाना प्रभारी रीना राजावत ने बताया कि इस मामले में मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पहाडगढ थाना क्षेत्र के नाहरिया पुरा के पास जंगल से भरत पुत्र हरकंठ गुर्जर निवासी ग्राम छडेह थाना जौरा जिला मुरैना को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। सख्ती दिखाते हुए की गई पूछताछ के दौरान भरत गुर्जर ने स्वीकार किया कि उसने अपने गांव के बादाम सिंह गुर्जर सहित चार साथियों के साथ मिलकर गसवानी के जंगल से भैसे चुराई थी। इनमें से दो भैस मेरे पास है। जिन्हे पुलिस ने बरामद कर लिया है। शेष भैसे फरार आरोपियों के पास बताई गई है। इसलिए फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। इस मामले में थाना प्रभारी रीना राजावत के अलावा सउनि नरसिंह मावई, प्रआर देवेन्द्र गुर्जर, धर्मेन्द्र सिंह, आर दशरथ गुर्जर, रिंकू गोले, शिवजी रावत आदि की भी सराहनीय भूमिका रही ।

### खेत से मशीन निकालने की बात पर दो भाईयों की मारपीट ,एफआईआर दर्ज

श्योपुर। बडौदा थाना क्षेत्र के गांव उतनवाड में खेत से मशीन निकालने की बात पर विवाद हो गया। इस विवाद के दौरान नामजद आरोपियों ने फरियादी और उसके भाई के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि यह विवाद बुधवार की शाम को तब हुआ,जब आरोपियों ने खेत से मशीन निकालने की बात को लेकर गाली गलौच करते हुए मुकुट गोस्वामी और उसके भाई की मारपीट कर दी। पुलिस ने मुकुट गोस्वामी की रिपोर्ट पर गोबरीलाल गुर्जर, रामचरण गुर्जर के खिलाफ मारपीट की धाराओ में केस दर्ज कर लिया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट ,एक जख्मी ,तीन पर एफआईआर दर्ज

श्योपुर। विजयपुर थाना क्षेत्र के गांव भारखोह में गुरूवार को पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद में नामजद आरोपियों ने एक राय होकर जतन पुत्र हेमराज रावत की थापघूसों से मारपीट कर दी। साथही उसे पत्थर से भी मारा। इस मामले में विजयपुर थाना पुलिस ने जतन रावत की रिपोर्ट पर उसकी मारपीट करने वाले श्रीपत शाक्य, उसके बेटे राधे शाक्य तथा पत्नी बादामी बाई के खिलाफ मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

### दीवाली मिलन के लिए सजी अदब की बज़्म

# मेरी वादा नोशी को बदलियां समझती हैं, वो कहां समझते हैं तल्खियां समझती हैं...

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



मेरी वादा नोशी को बदलियां समझती हैं, वो कहां समझते हैं तल्खियां समझती हैं। फूल शाख से तोड़ा ओर फिर मसल डाला, फूल की नज़ाकत को तितलियां समझती हैं। यह शेर उस्ताद शायर हमीद बालापुरी के हैं जिन्होंने बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित जिले के प्रसिद्ध शायर प्रभात प्रणय के निवास पर दीवाली मिलन के लिए सजी अदब की बज़्म में अपने शेरों शायरी की छटा बिखराते हुए पढ़ी। मुक्तिबोध नगरी की अदबी तंज़ीम विविधा सृजन संस्थान के बैनर तले दीवाली मिलन अदब की बज़्म के तौर पर संपन्न हुआ। दीवाली की मिठास से भरी इस महफ़िल को अदब नवाजों ने अपने क़लाम से सजाया।

बज़्म का आगाज़ नौजवान शायर अनवर ग़ाफ़लि ने मौजूदा हालात पर कुछ इस तरह तंज़ किया...,ये दिए जो झोंपड़ी में रात जलते रह गए। वो अमीरे शहर की आंखों को खलते रह गए। शायर नाजिम डॉ. अय्यूब गाज़ी ने कुछ इस अंदाज़ में सवाल उठाया... सबक़ ले मुझसे की ईमान की बुनियाद है नीयत

अगर जो दिल नहीं झुकता तो फिर सर का झुकाना क्या? शायर डॉ. अशफ़ाक़ अर्शी ने उर्दू की शान में नज़्म से पहले गज़ल के जरिए अपने एहसास पेश किए... खूबी कहें कि इसको करामात हम कहें?

क़ातिल ने बार कर के तड़पने नहीं दिया। आयोजक संस्थान की नुमाइंदगी करते हुए प्रणय प्रभात ने काली रात के खिलाफ़ दिये के संघर्ष को कुछ यूं सलाम किया...रात के काले अंधियारे से लोहा लेगा एक दिया।

शाम ढले तक और ज़रा इस सूरज को इतराने दो।। शायर मो. सईद चराग़ ने तंज़िया क़लाम के बाद मुहब्बत का फ़लसफ़ा कुछ ऐसे समझाता...

इश्क़ क्या चीज़ है तू इश्क़ को समझा ही नहीं। इश्क़ उस रब से मिलाता है तुझे इश्क़ तो हो।। ख़ास मेहमान के तौर पर बुजुर्ग शायर हमीद बालापुरी ने दिलकश अंदाज़ में बेहतरीन ग़ज़लों से समाँ बांधा। तरन्नुम में पेश ग़ज़ल की एक बानगी...

हमने तो उनसे कुछ कहा ही नहीं। आप लोगों ने कुछ सुना है क्या?? गुनगुनाकर खूब वाहवाही लूटी। आयोजन की सदारत करते हुए ख़बरनवीस इंसाफ़ अहमद कुरैशी ने नशिस्त (गोष्ठी) की इस पहल की तारीफ़ करते हुए सभी को दीवाली की मुबारकबाद पेश की। उन्होंने कहा कि हथियार कितना ही अच्छा हो, अगर चलता नहीं है तो उसमें ज़ंग लग जाता है। यही बात कवियों और शायरों पर भी लागू होती है। उनके क़लाम को धार देने के लिए इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए। आख़िर में सभी ने आपस में गले मिल कर एक दूसरे को दीवाली की दिली मुबारकबाद दी। इस दौरान एक दिलचस्प दौर लतीफ़ों का भी चला। कुल मिला कर आयोजन हर नज़रिए से बेमिसाल रहा, जिसने इस तरह के आयोजन के पुराने दौर को ताज़गी देने का काम किया।

### मप्र और राजस्थान के अधिकारियों के बीच पानी के बंटवारे को लेकर जल्द होगी बैठक

# नवंबर के प्रथम सप्ताह में छूटेगा चंबल नहर में पानी तीन जिलों की 3 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि होगी सिंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राजस्थान के कोटा स्थित बैराज से निकली चंबल दाहिनी मुख्य नहर में धान की फसल की सिंचाई के लिए छोडा गया पानी बंद हो गया है। अब रबी सीजन की फसल के लिए चंबल नहर में पानी छोडा जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि नवंबर के प्रथम सप्ताह में कोटा बैराज से चंबल दाहिनी मुख्य नहर में पानी छोड दिया जाएगा। चंबल नहर के इस पानी से श्योपुर जिले सहित मुरैना और भिंड जिले के किसानों की तीन लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी।

यूं तो अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में चंबल नहर में कोटा से पानी का प्रवाह छोडा जाना तय था,लेकिन दिवाली पहले होने वाली मप्र और राजस्थान के जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की बैठक किन्ही कारणों के चलते नहीं हो सकी। इसलिए अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में चंबल नहर में पानी छोडा नहीं जा सका। लेकिन विभागीय सूत्र बता रहे है कि अब दिवाली बाद जल्द ही मप्र और राजस्थान के अधिकारियों के बीच नहर के पानी के बंटवारे को लेकर बैठक आयोजित होगी,इसकी तैयारियां चल रही है। इस बैठक के बाद चंबल नहर में पानी का प्रवाह शुरू कर दिया जाएगा। एक दो दिन में श्योपुर जिले की सीमा में दाखिल हो जाएगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल चंबल नहर में एक हजार क्यूसेक पानी आएगा,लेकिन धीरे धीरे पानी की मात्रा बढाई जाएगी और फिर 3900 क्यूसेक पानी चंबल नहर में राजस्थान के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।



### मार्च तक चंबल नहर में जारी रहेगा पानी का प्रवाह

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की माने तो गांधीसागर बांध में इस साल पर्याप्त पानी भर गया है,इसलिए चंबल नहर में पानी का प्रवाह मार्च तक जारी बना रहेगा। इससे क्षेत्र के किसान अपनी फसल की भरपूर सिंचाई कर सकेगे। बता दें कि श्योपुर और सबलगढ डिवीजन मिलाकर 66 हजार 665 हेक्टेयर रकबे की सिंचाई चंबल नहर के पानी से होती है। जबकि श्योपुर सहित मुरैना और भिंडे में तीन लाख हेक्टेयर से अधिक रकवे की सिंचाई चंबल नहर के पानी से होती है।

### धान की सिंचाई के लिए सात दिन चली नहर

किसानों के द्वारा धान की फसल में सिंचाई के लिए पानी की डिमांड किए जाने के बाद चंबल नहर में 11 अक्टूबर को कोटा बैराज से चंबल नहर में पानी छोडा गया। इसके बाद 17 अक्टूबर तक चंबल नहर में पानी का प्रवाह जारी बना रहा और फिर 18 अक्टूबर को नहर में कोटा बैराज से पानी का प्रवाह बंद कर दिया गया। बताया जा रहा है कि इस नहर के पानी से बहुत कम किसानों के द्वारा ही धान की फसल की सिंचाई गई है। लेकिन अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में पानी छूट जाता तो और भी कई किसान नहर के पानी से अपनी धान की फसल की सिंचाई कर लेते।

**इनका कहना..**

चंबल नहर में कोटा बैराज से पानी कब छूटेगा,फिलहाल इसकी तारीख बैठक के बाद तय हो जाएगी। उम्मीद है कि यह बैठक जल्द ही आयोजित होगी और नवंबर के प्रथम सप्ताह में चंबल नहर में पानी का प्रवाह शुरू हो जाएगा।

**चैतन्य चौहान**
ईई, जल संसाधन विभाग, श्योपुर

### जैन गोशाला में मुनि दुर्लभ सागर के सानिध्य में मनाया गया गोवर्धन पूजा पर्व



आरोन। नगर में चातुर्मास कर रहे मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज के मंगल सानिध्य में सिरसी रोड़ स्थित जैन समाज आरोन द्वारा संचालित श्री अरनाथ विद्यासागर जैन गोशाला में गोवर्धन पूजा पर्व मनाया गया। चातुर्मास कमेटी के प्रचार मंत्री सुनील झंडा ने बताया कि इस अवसर पर जैन गोशाला पर एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जैन समाज के महिला पुरुष युवा वर्ग एवं जैन पाठशाला के बच्चों ने गोशाला पहुंचकर अपने अपने घरों से लाए गुड़,खली आदि खाद्य सामग्री खिलाई। समाज के सभी सदस्यों ने गोशाला की सभी गायों की विशेष साज सज्जा करते हुए उनका श्रृंगार किया एवं गोवर्धन पूजा की गई। इस अवसर पर मुनि दुर्लभ सागर महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज की प्रेरणा से संपूर्ण भारत में हजारों गोशालाओं को संचालित किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### फांसी लगाकर खुदकुशी करने के दो मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में फांसी लगाने की दो घटनाएं सामने आई हैं। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ग्राम पारसौल निवासी 23 वर्षीय नवविवाहिता वंदना पत्नी सोनू यादव ने अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के बाद परिवार जन उसे अशोकनगर लेकर आए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मायके वालों के दहेज प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दूसरी घटना जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम खैरा निवासी बालचंन्द्र अहिरवार उम्र 58 साल ने अपने घर के सामने कुटिया में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मर्ग कायम

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम फतेहावाद निवासी सेवकराम पुत्र लालाराम कुशवाह उम्र 32 साल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार वेहोसीं के हालत में उसे अस्तपाल लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### जुए के 2 अड्डों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले में दो स्थानों पर पुलिस ने जुएं के अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। जिले की देहात थाने की पुलिस ने शंकर कॉलोनी में तास के पत्तों से जुआं खेलते हुए विक्की कौरी, सुमन अहिरवार, हरिओम अहिरवार, प्रमोद अहिरवार को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 1800 रूपए और तास की गडडी जप्त की है। इसी प्रकार देहात पुलिस ने ही शंकर कॉलोनी में तास के पत्तों से जुआं खेलते हुए अभिषेक, मोहरसिंह और दिलीप अहिरवार को गिरफ्तार किया है।

### ट्रेन से 60 वर्षीय ग्रामीण की कटकर हुई मौत

**अशोकनगर।** स्थानीय माता मंदिर के समीप पुलिस ने रेल पटरियों से एक ग्रामीण का शव बरामद किया है। जिसकी पहचान ग्राम देवखेड़ी निवासी सिरनाम पुत्र बादल सिंह धाकड़ उम्र 62 साल के रूप में की गई है। बताया गया है कि मृतक अपने घर से वृन्दावन जाने की कहकर निकला था। लेकिन वह रेल पटरियों पर कैसे पहुंचा यह पता नहीं है। ट्रेन में उसके दोनो पैर कटकर अलग हो गए सिर में भी चैंटे आईं हैं।

### सहायता राशि स्वीकृत

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के आदेशानुसार शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक अशोकनगर द्वारा मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना के अंतर्गत 03 वैद्य वारिस को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। राजेश्वरी पत्नि स्व. रामकृष्ण निवासी ग्राम बरखेडा तहसील पिपरई,जमुना पत्नि स्व. हरिओम निवासी ग्राम लालपुर तहसील अशोकनगर तथा कृष्णाबाई पत्नि स्व. हनुमंत सिंह को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## पटाकों से शहर गूंजता रहा, गोवर्धन पूजा का भी हुआ आयोजन

# दीपावली पर शहर रोशनी से सराबोर संस्थानों में शुभ मुहुर्त में हुई पूजा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारतीय संस्कृति के सबसे बड़े दीपावली पर्व पर उत्साह और उमंग देखी गई। शहर में परिवारजन दीपावली पर्व को देखने के लिए निकले। घर-घर द्वार द्वार रंगोलियां बनाई गईं। शहर दीपमालाओं और बिजली की रोशनी से रोशन हो उठा। शुभ मुहुर्त में संस्थानों और घरों में धन की देवी मां लक्ष्मी और ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा की गई। जब गोवर्धन पूजा का दिन आया तो घरो के बाहर गोबर से दोजी बनाई गई और गायों की पूजा की गई।

सुख समृद्धि और सम्पन्नता के इस पर्व पर शहर में व्यापक उत्साह देखा गया। दीपावली का पर्व इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह पूरे परिवार में खुशियों का संदेश लेकर आता है। जितने भी परिवार के सदस्य घरों से बाहर होते हैं। वह अपने घर वापिस लौट आते हैं। यही कारण है कि यहां की ट्रेनों में दीपावली पर्व पर आने जाने वालों की भीड़ देखी गई। घर परिवार के लोगों ने मिलकर दीपावली का पर्व मनाया। 20 अक्टूबर को दोपहर के बाद से देर रात तक दीपावली का त्यौहार मनता रहा। अनेक लोगों ने शुभ मुहुर्त में देवी मां की पूजा अर्चना की। इस दौरान संस्थानों से लेकर लोगों के घरों तक पूजा अर्चना के आयोजन होते देखे गए। जैसे ही पूजा अर्चना के आयोजन हुए वैसे ही पूजा स्थलों के बाहर लोगों ने आतिशवाजी चलाई अनेक लोगों को अपने घरों के बाहर फूल बरसाने वाले पटाखों को देखा गया।

दीपावली के इस त्यौहार पर शहर में छोटे से छोटे और बड़े से बड़े घरो पर बिजली की सजावट देखी गई। झिलमिलाते बल्बों की रोशनी से शहर रोशन नजर आया। यह बिजली की झालरें लोगों ने अधिक पसंद कीं इन झालरों के दाम कम होने के कारण लोगों का रूझान अधिक देखा गया। अनेक लोगों के घरों के बाहर मिटटी से बने दीपकों की दीपमालाएं भी नजर आईं। घर-घर द्वार द्वार रंगोलियां बनाई गईं। लोगों ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। संस्थानों में काम करने वाले कर्मचारियों के साथ मिलकर दीपावली का पर्व मनाया। जिले के प्रथम श्रेणी के अधिकारियों और राजनेताओं के यहां भी दीपावली का पर्व मनते हुए देखा गया। अनेक लोग इनके निवास पर पहुंचे और दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

### महिलाओं ने गोवर्धन की पूजा



वुधवार को गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया गया यह पर्व जब भगवान श्री कृष्ण ने ब्रजवासियों को मूसलाधार वर्षा से बचाने के लिए 7 दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाकर रखा था और ब्रजवासी उस पर्वत के नीचे रहे थे। तब से ही गोवर्धन पूजा की जाती है। इसे अन्नकूट उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन अनेक लोगों के गायों की पूजा की उनका श्रंगार किया। और घरों के बाहर गोबर की दोजी बनाकर गोवर्धन पूजा की गई। जिस तरह देवी लक्ष्मी को सुख समृद्धि का प्रतीक माना गया है उसी प्रकार गौ माता को भी पवित्र और पूज्यनीय माना जाता है और गोवर्धन की पूजा की जाती है। शहर में अनेक स्थानों पर पूरे दिन गोवर्धन की पूजा होती रही।

### परिवारजनों ने सामूहिक रूप से की गोवर्धन की पूजा

कार्तिक माह शुक्ल पक्ष दीपावली के दूसरे दिन गोबर्धन पूजा की जाती है प्रकृति ये पूजा सर्व प्रथम भगवान श्री कृष्ण ने ब्रज (मथुरा) से इस पूजा की शुरुआत की थी परन्तु आज पूरे देश भर में गोबर्धन पूजा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जाने लगी है। इस दिन घर शहर में घर घर हुई गोवर्धन पूजा हुई। कार्तिक माह शुक्ल पक्ष दीपावली के दूसरे दिन गोबर्धन पूजा की जाती है प्रकृति ये पूजा सर्व प्रथम भगवान श्री कृष्ण ने ब्रज (मथुरा) से इस पूजा की शुरुआत की थी परन्तु आज पूरे देश भर में गोबर्धन पूजा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जाने लगी है इस दिन घर की एक ही रसोई से प्रत्येक सदस्यों का भोजन तैयार होता है गोवर्धन पूजा में 36 प्रकार के व्यंजन का भोग लगाया जाता है भगवान गोवर्धन की प्रतिकृति गाय के गोबर से बनाई जाती है।

### जैन समाज ने दीपावली पर मंदिरों में लाडु चढ़ाए

जैन समाज ने 21 अक्टूबर को दीपावली का पर्व मनाया। उदया तिथि के अनुसार तथा जैन धर्म के 24वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के मोक्ष कल्याणक दिवस को लेकर शहर के जैन मंदिरो में जैन श्रद्धालुओं ने भगवान की पूजा अर्चना की और लाडु समर्पित किए। यहां पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में दीपावली का पर्व मनाया गया। मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद जैन समाज ने अपने घरों के साथ प्रतिष्ठानों पर पूजा अर्चना की और शाम 5 बजे तक यह दीपावली का पर्व मनता रहा।

# शुल्क बढ़ाने 24 से एलपीजी वितरकों का आंदोलन शुरू

## सड़क पर उतरेंगे गैस वितरक, पहले चरण में काली पट्टी बांधेंगे, 29 को मशाल जुलूस से विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

महंगाई की मार झेल रहे एलपीजी वितरक अब खुद अपने हक की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। होम डिलीवरी और प्रशासकीय शुल्क बढ़ाने की मांग को लेकर एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन, शिवपुरी ने आंदोलन का बिगुल बजा दिया है।

भारत सरकार की तीनों सार्वजनिक तेल कंपनियों — आईओसीएल, एचपीसीएल और बीपीसीएल से जुड़े वितरक अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर 24 अक्टूबर से चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे। पहले चरण में सभी वितरक और उनके कर्मचारी काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे और जिला कलेक्टर के माध्यम से सचिव, पेट्रोलियम मंत्रालय के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। एसोसिएशन ने बताया कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन का दूसरा चरण 29 अक्टूबर 2025 को प्रारंभ होगा।

इस दिन शाम 7 बजे सभी वितरक अपने जिला मुख्यालयों पर मशाल और मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। वितरकों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के बावजूद वर्षों से होम डिलीवरी और प्रशासकीय शुल्क में कोई वृद्धि नहीं की गई, जिसके चलते सेवा संचालन घाटे का सौदा बन गया है।

उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही राहत नहीं दी गई तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल करने को बाध्य होंगे। एसोसिएशन ने केंद्र सरकार से जायज मांगों पर त्वरित निर्णय लेने की अपील की है, ताकि उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति में कोई दिक्कत न हो और सेवा सुचारू रूप से जारी रह सके।

### शनि मंदिर पर हुआ अन्नकूट वितरण का आयोजन



**अशोकनगर।** पछाड़ी खेड़ा रोड स्थित शहर के शनि मंदिर पर अन्नकूट के अवसर पर भगवान को छप्पन भोग लगाकर अंतरराष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू एवं मंदिर के पुजारी कैलाश जोशी ने प्रसादी वितरण की। जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा कि द्वापर युग से यह परंपरा चली आ रही है जो भगवान श्री कृष्ण ने इंद्र का मान मर्दन करने के लिए गोवर्धन के रूप में प्रकट होकर सभी बृजवासियों के द्वारा छप्पन भोग को स्वीकार कर उनके लिए आशीर्वाद दिया एवं प्राण रक्षक बन गए थे। तब से बृजवासी हर वर्ष भगवान गोवर्धन को अन्न कूट त्यौहार मना कर छप्पन भोग अर्पित करते हैं और भगवान प्रेम से उसको स्वीकार करते हैं। यह परंपरा पूरे भारतवर्ष में हर प्रदेश में मनाई जाती है भगवान गोवर्धन को भोग लगाकर प्रसादी वितरण किया जाता है और अनेक जगह पर खीर पूरी पकवान आदि का प्रसाद का वितरण किया जाता है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इस प्रसाद को ग्रहण करने के लिए लंबी लाइन लगते हैं और प्रतीक्षा करते हैं। आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा कि गोवर्धन पूजा के अवसर पर प्रसाद ग्रहण करने से व्यक्ति का अभिमान समाप्त होता है और भगवान गोवर्धन एवं श्री कृष्ण की याद आती है। आज भी घर-घर जो लोग गोवर्धन पहुंच कर परिक्रमा नहीं करते हैं अपने घरों में गोबर के गोवर्धन बनाकर आरती उतारने भोग लगाते है और परिक्रमा करते हैं। इस परंपरा से व्यक्ति के मन में भगवान के प्रति विश्वास रखता है और समस्त पापों का नाश होता है प्रसाद वितरण के अवसर पर शनि मंदिर के पुजारी कैलाश जोशी, पवन जोशी, संतोष जोशी, रामकिशन जोशी आदि ने प्रसादी वितरण की एवं भंडारे की व्यवस्था की।

## सुविधाओं का जायजा लिया, मरीजों से चर्चा की

# जिला पंचायत सीईओ ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला पंचायत सीईओ वुधवार को जिला अस्पताल अशोकनगर का निरीक्षण करने पहुंचे। प्रसूति केन्द्र के डाटा केन्द्र के कक्ष क्रमांक 18 का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जिला स्वास्थ्य अधिकारी अलका त्रिवेदी एवं टीकाकरण अधिकारी डॉ. रजनी छारी भी उपस्थित थीं।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन ने कंप्यूटर ऑपरेटर से जानना चाहा कि जब प्रसूतिका गांव से आती हैं तो उनके साथ केंद्र पर शालीनता का व्यवहार करना चाहिए। ग्रामीणों को चर्चा में जो समझ में आए वह बात करें जिससे कि उनको भी समझ में आए कि आप क्या जानकारी चाहते हैं। इस दौरान उन्होंने कंप्यूटर को खुलवाया और गांव की जानकारी देखी। इस दौरान उन्होंने एक प्रसूतिका के परिवार जनों से चर्चा की और चर्चा करने के बाद ऑपरेटर से कहा कि इस तरह से चर्चा की जाए कि उनकों आसानी से बात समझ में आ जाए कि हर मरीज को एवं प्रत्येक रोगी होशियार नहीं होता उन्हें सरल भाषा में समझाया जाता है और सरल भाषा में समझाने से आप जो जानकारी चाहते हैं वह जानकारी भी आपको मिल जाती है। संबंधित प्रसूतिका परिवार को भी आप जो चर्चा कर रहे हैं वह चर्चा समझ में आना चाहिए जब उनसे जिला अस्पताल की जांच के बारे में कहा तो वह चर्चा न कर अपने वाहन में बैठकर चले गए।



# गोवर्धन पूजा के साथ मंदिरों में अन्नकूट प्रसाद वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गोवर्धन पूजा के साथ ही अन्नकूट के आयोजन शहर में होते देखे गए मंदिरों पर भक्तों की कतार लगी रही। बारी बारी से भक्तों को कतार में खड़े होकर प्रसाद प्राप्त करते हुए देखा गया। शहर में अन्नकूट के यह आयोजन तारबाले बालाजी, सराफा बाजार हनुमान मंदिर, राजराजेश्वर मंदिर, ब्रम्हगोड़ मंदिर, के साथ अनेक स्थानों पर अन्नकूट के आयोजन हुए। तारवाले बालाजी मंदिर पर भगवान राधाकृष्ण के दरबार में छप्पन भोग का दरबार लगाया गया। पूजा अर्चना के बाद अन्नकूट लेने पहुंचे भक्त जनों को प्रसाद वितरित की गई। मंदिर के बाहर तक लम्बी कतारें देखी गईं। जिसमें महिलाओं और पुरूषों की अलग अलग कतार देखी गईं। बारी बारी से सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। यहां भक्तों की अधिक संख्या को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल का तैनात किया गया था।

# गो शालाओं में पहुंचकर पशु चिकित्सा विभाग ने की गायों की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



गौ संवर्धन बोर्ड के निर्देश पर जिला पशु चिकित्सा विभाग द्वारा जिले की सभी पशु गौशालाओं में गोवर्धन पूजन के अवसर पर गायों की पूजा की गई।

पहले पशु पालन विभाग द्वारा ग्राम पंचायत नगेश्री की गौशाला पर गौ पूजन करने का कार्यक्रम था इसके बाद ग्राम पंचायत मोहरी में आयोजन होना था जहां पर पशुपालन विभाग के अधिकारियों को मौजूद रहना था। जानकारी के बाद ग्रामीण दोनों गौशालाओं पर एकत्रित देखे गए जब मोहरी ग्राम पंचायत के सरपंच को जानकारी मिली कि पशुपालन विभाग के अधिकारी बड़े गांव की गौशाला पर पूजन करने चले गए ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने स्वशासन समूह की महिलाओं ने और सरपंच ने गोवर्धन पूजन के साथ गायों की पूजा की और सभी गायों को तिलक लगाया गया। मोहरी की गौशाला में क्षमता से अधिक 199 की सेवा की जा रही है 199 गायों को दमा पाटी बांधी गई। आहार का सेवन कराया गया। पशु चारे में गुड़ चना आदि मिलाकर पशुओं को खिलाया गया। इस दौरान गौशाला में गायों की सेवा करने वाले परिवार को उपहार प्रदान किए गए । फूल माला पहनाई गई सरपंच के साथ सचिव और रोजगार सहायक भी मौजूद थ। एक गाय के बीमार होने की सूचना मिलने पर पशुपालन विभाग के अधिकारियों को सूचित करने के बाद भी पशुपालन विभाग के अधिकारी गाय के उपचार के लिए दो से ढाई घंटा देरी से एंबुलेंस वाहन पहुंचा। इस एंबुलेंस के डॉक्टर ने बताया कि इस गौशाला में तीन गाय बीमार मिली जिनका उपचार किया गया।

## मुनि सुधासागर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा...


# परेशानियां हमारे जीवन का संकट नहीं है, व्यवस्थाएं हैं: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने अशोकनगर में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि परेशानियां हमारे जीवन का संकट नहीं है व्यवस्थायें हैं। सृष्टि की व्यवस्थाएं अहिंसा के साथ हिंसा से भी बनती है। व्यवस्था रात के साथ दिन से भी बनती है। राजा श्रेणिक का पाप इतना छोटा सा है कि यदि इसकी बुद्धि बदल जाये तो यह पाप कर्म से बच जायेगा।

उन्होंने कहा कि सृष्टि कहती हैं कि इसके लिए कोई मुनि राज पर उपसर्ग करें तो ऐसे पापी को सजा दे सकें। प्रकृति मां है वह जानती है कि ऐसे महान पुरुषो पर उपसर्ग कराती है कि उपसर्ग से उनका कुछ भी बिगड़ने बाला नहीं है। प्रकृति की व्यवस्था है तुम्हारे लिए एन आर आई बना दिया। तुम्हारे सामने ऐसी परिस्थितियां वन जायेगी कि प्रकृति ने अपराधियो को दंड देने की व्यवस्था बनाइर्। कभी लोभ के माध्यम से कभी अभावों के कारण आपको अपनी जन्म भूमि से दूर जाना पड़ा।

**पंच कल्याणक महोत्सव के लिए बने सौधर्म कुबेर इन्द्र** जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि आज परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भैया के कुशल निर्देशन में होने जा रहे श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव के पात्रों का चयन हो गया है। जिनका सम्मान हमारी कमेटी कर रही है। सौधर्म इन्द्र सुमत कुमार सुनील कुमार वर्धमान अखाई, कुबेर इन्द्र महेन्द्र कुमार शैलेन्द्र कुमार दददा पारस गोल्डन, महायज्ञ नायक पदम कुमार सौरभ कुमार वाझल, भरत चक्रवर्ती सुनील कुमार शैलेन्द्र कुमार संजीव कुमार श्रागर परिवार, बाहुबलि नितिन कुमार नीलेश कुमार टिंकल एन के, राजा श्रेयांस शालू भारत गौरव भारत परिवार, राजा सोम रिंकू भारत विकास कुमार अभय कुमार भारत, इंसान इन्द्र सुचित कुमार सचिन कुमार कासल, सनत कुमार इन्द्र अवनीश पाली एवं ध्वजारोहण करने का सौभाग्य विनोद कुमार वैभव जैन राजू मेडिकल परिवार को मिला है। इनका सम्मान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई उपाध्यक्ष अजित बरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारल्लिय मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडीटर संजय केटी थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू महामंत्री मनोज भैसरवास सयोजक उमेश सिघई मनीष सिंघ ई मनोज रन्नौद श्रेयांस जैन सहित प्रमुख जनो दारा सभी का सम्मान किया गया





**शाही पंच कल्याणक महोत्सव के लिए अभी से तैयारियां प्रारंभ कर दें: प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भैया** इस दौरान प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भ इया ने कहा कि हम सबने सन 1992 में ऐतिहासिक श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महा महोत्सव एवं विश्व इतिहास में पहली बार सप्त गजरथ महोत्सव हुआ ऐसे ही इस पंच कल्याणक महोत्सव को शाही महामहोत्सव वनना है इसके लिए सभी को अभी से तैयारीयां शुरू कर दें। संस्कारो को देश से बाहर विदेशी में एन आर आई ले जायें उन्होंने कहा कि समस्त क्यों आईं। इस ओर ध्यान दिला रहा हूं आज इतना तुम्हारे लिए इतना मजबूर कर दिया जहां मांसाहार शराब आदि मिल रहे है। तुम्ने पूर्व में जव आपको मन्दिर मिला शाकाहारी भोजन होते हुए आप ने उसका सदुपयोग नहीं किया। कर्म ने कहा कि जब मौका मिला तव आपने उपयोग नहीं किया तो प्रकृति ने ऐसी परिस्थिति बना दी अब आपको जो मिला है उसका स्वागत करना शुरू कर दें। जिन मां बाप ने दुःख उठाकर पाला है तो हम अमेरिका के पचास लाख रुपए के पेकेज को छोड़ कर अपने घर के पांच लाख रुपए मंजूर है। हम अपनी संस्कृति संस्कारों को मजबूत करेंगे। आज आप की मजबूरी है तो कोई बात नहीं आप विदेश में रहकर भारतीय संस्कृति सभ्यता संस्कारों को जिंदा रख सकते हैं।

## सभी जिनालयों में समर्पित किये गए निर्माण लाडू

# धूमधाम से मनाया भगवान महावीर का निर्वाण महोत्सव



**मुंगावली।** जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2552 वे मोक्ष कल्याणक पर्व नगर में जैन श्रदालुओ द्वारा बड़े ही धूमधाम ओर भक्तिभाव के साथ मनाया इस शुभ अवसर पर सुबह से ही नगर के सभी जिनालयों पर बड़ी संख्या में श्रदालुओ पहुचे ओर श्रीजी अभिषेक, शांतिधारा की गई और भगवान महावीर स्वामी कि पूजन के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। ढोल नगाड़ो के साथ जैन समाज के लोगो ने सभी छः जिनालयों के दर्शन कर धर्म लाभ लिया,नगर के स्टेशन रोड स्थित श्री चन्द्र प्रभु जिनालय पर मोनू भैया के सानिध्य में सभी धार्मिक क्रियाएं सम्पन्न कराई गई,तो पाश्र्वनाथ जी लाल मंदिर में सभी धार्मिक क्रियायें पदम फट्टा जी ने कराई,जिसमें शांतिधारा करने का सौभाग्य रूपेश,राकेश जैन मामा परिवार,बाल ब्रह्मचारी सौरभ भैया परिवार व चंद्रप्रभु जिनालय में सुनील नायक,नीलेश मोदी,दिनेश मोदी,ओर प्रदीप बरया परिवार को सौभाग्य मिला। वही निर्वाण लाडू जैन समाज अध्यक्ष चंद्रेश मोदी,मुकेश मोदी,देवेंद्र चैधरी मोनू भैया जी परिवार को मिला। शाम को 48 दीपो से भगवान की महा आराधना हुई। वही निर्वाण महोत्सव के अवसर पर नगर में बनने वाले जिनालय मंदिर के लिए समाज के दो दर्जन से अधिक लोगो पुण्ययानीभुति कर दान किया गया। श्रद्धालुओं ने गौतम गड़धर स्वामी की पूजा की तो शाम को दीप प्रज्जवलन कर दीपावली की एक दूसरे को बधाई दी।